ऐसी पूजा करने से तू होगा नहीं निहाल भजन लिरिक्स

ऐसी पूजा करने से तू,
होगा नहीं निहाल,
भजन मनन फिर करना पहले,
दिल से मैल निकाल।bd।

तर्ज – चांदी जैसा रंग है तेरा।

काशी मथुरा घूम ले प्राणी,
भटक ले चारों धाम,
बार बार तू जप ले चाहे,
जितना हरि का नाम,
कुछ ना मिलेगा तुझको प्राणी,
कर ले तीर्थ तमाम,
जब तक तेरे मन में रहेगा,
मोह माया का जाल,
भजन मनन फिर करना पहले,
दिल से मैल निकाल।bd।

मन में तेरे लोभ भरा है,
इसलिए करता जाप,
औरों को तू बुरा बताए,
बुरा तो खुद है आप,
मन की मैल ना धोई तूने,
तन को करता साफ,
एक दिन माटी मिल जाएगी,
तेरी सुन्दर खाल,
भजन मनन फिर करना पहले,
दिल से मैल निकाल।bd।

अपने दिल से त्याग दे प्राणी,
नफरत और ये बैर,
अपने संग में औरों की भी,
मांग प्रभु से खैर,
नेक धर्म में कभी भी प्राणी,
तू ना करना देर,
भला करम जो करेगा प्राणी,
देगा के देगी राम।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी आपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

भजन मनन फिर करना पहले,
दिल से मैल निकाल।bd।

ऐसी पूजा करने से तू,
होगा नहीं निहाल,
भजन मनन फिर करना पहले,
दिल से मैल निकाल।bd।

Singer / Upload – Shalu Maheshwari

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com